प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1100 बजे

आपदा प्राधिकरण

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण आगामी एक अक्तूबर से अपना प्रमुख जन–जागरूकता अभियान ''समर्थ 2025'' आयोजित करेगा। एक महीने तक चलने वाले इस अभियान में राज्य में आपदा तैयारी, सुरक्षित निर्माण प्रथाओं और समुदायिक लचीलेपन को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। राजस्व व आपदा प्रबंधन के निदेशक व विशेष सचिव डीसी राणा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के उपलक्ष्य में राज्य आपदा प्राधिकरण ने वर्ष 2011 में समर्थ का शुभारम्भ किया था और तब से ये आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर एक राज्यव्यापी वार्षिक अभियान में विकसित हुआ, जो हर साल अक्तूबर में मनाया जाता है। उन्होंने ये भी कहा कि राज्यस्तरीय समारोह 13 अक्तूबर को शिमला में आयोजित किया जाएगा।

जीएसटी सुधार–स्वास्थ्य सेवा

अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर–जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। अब लोग इस महीने की 22 तारीख से लागू जीएसटी सुधारों का लाभ उठा सकते हैं। नई कर संरचना के तहत जीएसटी परिषद ने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की चार–स्तरीय संरचना से 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना में सरल बना दिया है। विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर कम करके, ये सुधार नागरिकों को काफी राहत दे रहे हैं। एक रिपोर्ट

जयराम ठाकुर

इस बीच विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि एक तरफ जहां केंद्र सरकार ने सीमेंट की दर पर जीएसटी दरे कम करके लोगों को राहत देने का काम किया है तो वहीं प्रदेश सरकार ने सीमेंट पर टैक्स बढ़ाकर लोगों पर बोझ डाला है।

नवरात्र

शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन आज श्रद्धालु मां दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की अराधना कर सुख–समृद्धि की कामना कर रहें हैं। मां का ये स्वरूप परम शांति दायक और कल्याणकारी है। सुबह से ही मां दुर्गा के तृतीय स्वरूप की पूजा–अर्चना के लिए शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज दिन की शुरूआत धूप के साथ हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया कि पूरे मॉनसून सीजन में अब तक एक हजार 23 दशमलव 4 मिलिमीटर बारिश हुई है जो सामान्य से 43 प्रतिशत ज्यादा रिकार्ड की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश से मॉनसून अब कभी भी विदा ले सकता है जिसको लेकर स्थिति अनूकुल बनी हुई है।

————————————————————